Title: Need to provide W.L.L. and mobile telephone services in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : उपाध्यक्ष महोदय, दूर संचार सेवाओं की दृटि से चूरू संसदीय क्षेत्र के चूरू, सादुलपुर, तारानगर, रतनगढ़, सुजानगढ़, सरदारशहर, श्रीडूंगरगढ़ तथा लाडनूं उपखंड मुख्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्र अभी तक अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। उपभोक्ता 7-8 वा पहले एक हजार रुपये डिमांड राशि जमा करवाने के पश्चात भी आज के दिन तक दूर संचार सेवाओं से वंचित हैं। काफी ग्राम पंचायत मुख्यालय भी इस सेवा से वंचित हैं तथा अधिकांश गांवों में केबल डालने का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। पहले 5 किलोमीटर तक केबल डालने का नियम बनाया गया था जिसे आज कम करके ढाई किलोमीटर कर दिया गया है, लेकिन केबल उपलब्ध नहीं है। जिस गति से दूर संचार ने केबल डालने का काम किया था, उसी गति से इसे बंद किया जा रहा है। अधिकारी काफी दिनों से डब्ल्यू.एल.एल. प्रणाली शुरू करने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन इस प्रणाली के उपकरणों की पूर्ति पूर्ण रूप से नहीं हो रही है, जिसके कारण कार्य नहीं हो रहा है। इसके अतिरिक्त मेरे संसदीय क्षेत्र के सादुलपुर-सुजानगढ़-सरदारशहर-लाडनू व श्रीडूंगरगढ़ में मोबाइल सेवा चालू करने का आश्वासन भी काफी दिनों से दिया जा रहा है, लेकिन इसमें भी कोई प्र ागति नहीं है।

अतः मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि उक्त क्षेत्र में अविलम्ब दूर संचार सेवाएं सुचारू रूप से चलाने के लिए डब्ल्यू.एल.एल. उपकरण उपलब्ध करवाये जाएं व मोबाइल सेवा चालू करवाई जावे। जनता की इस महती आवश्यकता को पूरा करना जनहित में अत्यंत आवश्यक है।